# आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम

## प्रलिम्सि के लिये:

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम, आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम, सतत् विकास लक्ष्य, नीतिआयोग

## मेन्स के लिये:

सरकारी नीतियाँ और हस्तक्षेप

## चर्चा में क्यों?

5 से 7 जनवरी, 2022 तक आयोजित **मुख्य सचिवों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन** के दौरान **आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (ABP)** शुरू किया गया है।

## आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम:

- यह एक विकास पहल है जिसका **उद्देश्य उन क्षेत्रों के प्रदर्शन में सुधार करना है जो विभिन्न विकास मानकों पर पिछड़ रहे हैं।**
- इसकी **घोषणा केंद्रीय बजट 2022-23** में की गई थी।
- यह आरंभ में **31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 500 ज़िलों को कवर करेगा** , जिनमें से **आधे से अधिक ब्लॉक छह राज्यों** - उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में स्थित हैं।
- ABP **आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम (ADP)** पर आधारित है।

## आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम:

- **परिचय:**
  - यह वर्ष 2018 में शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य उन ज़िलों की स्थिति में सुधार करना है जिन्होंने प्रमुख सामाजिक क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम प्रगति प्रदर्शित की है।
  - आकांक्षी ज़िले भारत के वे ज़िले हैं जो **खराब सामाजिक-आर्थिक संकेतकों से प्रभावित हैं।**
    - इसमें देश भर के 112 ज़िले शामिल हैं।
  - भारत सरकार के स्तर पर **कार्यक्रम का संचालन नीतिआयोग** द्वारा किया जाता है। इसके अलावा अलग-अलग मंत्रालयों ने ज़िलों की प्रगति हेतु ज़िम्मेदारी संभाली है।
- **कार्यक्रम की व्यापक रूपरेखा:**
  - **अभिसरण** (केंद्र और राज्य की योजनाओं का)
  - **सहयोग** (केंद्रीय, राज्य स्तरीय 'प्रभारी' अधिकारियों और ज़िला कलेक्टरों का),
  - मासिक **डेल्टा रैंकिंग** के माध्यम से ज़िलों के बीच प्रतिस्पर्द्धा।
    - आकांक्षी ज़िलों की डेल्टा रैंकिंग, **व्यावहारिक प्रशासन के साथ डेटा के अभिनव उपयोग को जोड़ती है,** जिससे ज़िले को समावेशी विकास के केंद्र में रखा जाता है।
- **उद्देश्य:**
  - यह प्रत्येक ज़िले की क्षमता पर ध्यान केंद्रित करता है एवं तत्काल सुधार के लिये प्रभावी कारकों की पहचान करता है और मासिक आधार पर ज़िलों की रैंकिंग करके प्रगति को मापता है।
  - ज़िलों को अपने राज्य में सबसे अच्छे ज़िले के समान स्थिति में पहुँचने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है तथा बाद में प्रतिस्पर्द्धी तथा सहकारी संघवाद की भावना से **दूसरों से प्रतिस्पर्द्धा करके और दूसरों से सीखकर देश के सर्वश्रेष्ठ में से एक बनने** के लिये प्रेरित किया जाता है।
  - **"सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास"** दृष्टिकोण के साथ सरकार अपने नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने तथा सभी के लिये समावेशी विकास सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है।
  - राष्ट्र की प्रगति के लिये ADP का उद्देश्य **सतत् विकास लक्ष्यों का स्थानीकरण करना है**।

- **रैंकिंग के लिये मानदंड:**
  - **5 प्रमुख सामाजिक-आर्थिक विषयों पर आधारित,** 49 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में किये गए वृद्धिशील सुधारों के आधार पर रैंकिंग निर्धारित की जाती है-
    - **स्वास्थ्य और पोषण (30%)**
    - **शिक्षा (30%)**
    - **कृषि एवं जल संसाधन (20%)**
    - **वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास (10%)**
    - **अवसंरचना (10%)**
- **विविध कार्यक्रम:**
  - **सक्षम बिटिया अभियान**, एनीमिया मुक्त भारत और सुरक्षित हम सुरक्षित तुम जैसे विभिन्न कार्यक्रम इस संबंध में नीति आयोग द्वारा शुरू की गई प्रमुख पहलों के अंतर्गत आते हैं।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. अटल नवाचार मिशन किसके तहत स्थापित किया गया है? (2019)**

(a) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
(b) श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय
(c) नीति आयोग
(d) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- नीति आयोग द्वारा स्थापित अटल इनोवेशन मिशन (AIM) देश की नवाचार और उद्यमशीलता की ज़रूरतों पर विस्तृत अध्ययन एवं विचार-विमर्श के आधार पर नवाचार तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु एक प्रमुख पहल है।
- AIM की परिकल्पना अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु नए कार्यक्रम और नीतियाँ विकसित करना, विभिन्न हितधारकों के लिये मंच एवं सहयोग के अवसर प्रदान करना, जागरूकता पैदा करना तथा देश के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की निगरानी हेतु एक अम्ब्रेला संरचना (Umbrella Structure) निर्मित करने हेतु की गई है।

**अतः विकल्प (C) सही है।**

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/aspirational-blocks-programme